<u>समाचार</u>

राजस्व मंत्री व सांसद मंगलवार 08 मार्च को करेंगे वार्ड क्र. 29 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

कोरबा 07 मार्च 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल मंगलवार 08 मार्च को सायं 4.30 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार चर्च के पास में विधायक मद से चन्द्रा समाज के लिए नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे, कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में अपना आतिथ्य प्रदान करेंगी, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जाएगी तथा सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।